भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 950

11 दिसंबर, 2023 को उत्तर के लिए

इस्पात उत्पादन

950. श्री ईरण्ण कडाडी:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) वर्ष 2030 तक कच्चे इस्पात का उत्पादन 300 मिलियन टन तक बढ़ाने की स्थिति में है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सेल की कच्चे इस्पात की वर्तमान उत्पादन क्षमता का ब्यौरा क्या है;

(घ) वर्ष 2030 तक सेल के आधुनिकीकरण और विस्तार कार्यक्रम के लिए सरकार द्वारा प्रस्तावित निवेश का ब्यौरा क्या है; और

(ड) पिछले पांच वर्षों के दौरान सेल के आधुनिकीकरण और विस्तार कार्यक्रम के लिए प्रदान की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क) और (ख): राष्ट्रीय इस्पात नीति, 2017 के अनुसार देश में समग्र इस्पात उद्योग के लिए क्रूड इस्पात की उत्पादन क्षमता का लक्ष्य 300 मिलियन टन है और यह केवल स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के लिए नहीं है।

(ग): स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की मौजूदा क्रूड इस्पात उत्पादन क्षमता 19.51 मिलियन टन प्रतिवर्ष है।

(घ) और (ड.) सरकार आधुनिकीकरण एवं विस्तार कार्यक्रम के लिए सेल में निवेश नहीं करती है। यह व्यय सेल द्वारा आंतरिक संसाधनों तथा कर्ज के माध्यम से पूरा किया जाता है।

*****